
## खबर संक्षेप

### भालू ने मवेशी चराने गए युवक को बनाया शिकार, मौत



**शहडोल।** जिले के गोहपारू वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवाटोला में गुरुवार को कुनुक नदी के पास गाय चराने गए युवक चेतन यादव पर अचानक जंगली भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में चेतन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चेतन यादव रोज की तरह सुबह अपने मवेशियों को चराने कुनुक नदी के किनारे गया था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक उस पर हमला कर दिया। युवक को संभलने या भागने का मौका तक नहीं मिला। भालू ने उसे बुरी तरह नोच डाला। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने जब शोर सुना तो वे मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक चेतन की मौत हो चुकी थी और भालू जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही गोहपारू वन परिक्षेत्र की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। वन विभाग ने मौके का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में घटना के बाद से सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कुनुक नदी और आसपास के जंगलों में पिछले कुछ समय से भालुओं की आवाजाही बढ़ गई है। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा न तो गश्त बढ़ाई गई और न ही ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा इंतजाम किए जाते तो आज एक युवक की जान नहीं जाती। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही रोकने के लिए तत्काल ठोस व्यवस्था की जाए। साथ ही, नदी और जंगल से सटे गांवों में चेतावनी बोर्ड लगाने और नियमित गश्त बढ़ाने की भी मांग की गई है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में भालू की गतिविधियों की जानकारी पहले से थी और अब अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। मृतक के परिजनों को शासन की ओर से नियमानुसार सहायता राशि देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, भालू की निगरानी के लिए टीम गठित की गई है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल इस घटना ने एक बार फिर मानव और वन्यजीव संघर्ष की गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग जंगल की ओर जाने से कतरा रहे हैं।

### टांगी से गला रेतकर मासूम की हत्या

**शहडोल।** जिले के चर्चित और रूह कंपा देने वाले मोतीलाल गोंड हत्याकांड में माननीय विशेष न्यायालय ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया है। अदालत ने आरोपी बेसू यादव उम्र 35 वर्ष को हत्या और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह प्रकरण अपनी क्रूरता के कारण जघन्य एवं सनसनीखेज श्रेणी में रखा गया था। घटना 17 अक्टूबर 2022 की है, जब ग्राम बरटोला निवासी मोतीलाल गोंड किराने का सामान लेने घर से निकला था, लेकिन कभी वापस नहीं लौटा। अगली सुबह उसकी खून से लथपथ लाश किशोर सिंह के खेत में पड़ी मिली। दरिंदगी का आलम यह था कि हत्यारे ने लोहे की टांगी (कुल्हाड़ी) से मोतीलाल के गले पर वार कर उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया था। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में गवाहों की गवाही मील का पत्थर साबित हुई। चश्मदीदों ने आरोपी बेसू यादव को घटना की रात मृतक के साथ अंतिम बार जाते हुए देखा था। उपनिदेशक अभियोजन एस.एल. कोष्टा ने अदालत में कुल 18 गवाहों और वैज्ञानिक साक्ष्यों के माध्यम से आरोपी के खिलाफ अभेद्य जाल बुना। अभियोजन के तीखे तर्कों और केस की गंभीरता को देखते हुए न्यायाधीश ने आरोपी को कोई रियायत नहीं दी और उसे सलाखों के पीछे रहने का आदेश सुनाया। अदालत के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि आदिवासियों और कमजोर वर्गों पर अत्याचार करने वालों के लिए कानून में कोई माफी नहीं है। पुलिस की सटीक विवेचना और अभियोजन की धारदार पैरवी के कारण एक जघन्य हत्यारे को उसके अंजाम तक पहुंचाया जा सका।

## बुढ़ार कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला, समाज के नाम कड़ा संदेश

# मासूम से दरिंदगी व हत्या के आरोपी को सजा-ए-मौत

जिले में तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी नृशंस हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को बुढ़ार की विशेष पोक्सो अदालत ने गुरुवार को मौत की सजा सुनाकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। न्यायालय के इस कठोर निर्णय ने न केवल पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया, बल्कि समाज को भी यह साफ संदेश दिया है कि बच्चों के साथ ऐसी दरिंदगी करने वालों को अब किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।








शहडोल।

**कैसे हुआ था यह दिल दहला देने वाला अपराध**

यह हृदयविदारक घटना मार्च 2023 में खैरहा थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहटी में सामने आई थी। आरोपी भानू उर्फ़ रामनारायण धीमर ने तीन साल की मासूम को बहलाकर ले गया और उसके साथ बर्बर मारपीट तथा दुष्कर्म की दरिंदगी की। गंभीर हालत में मासूम को मेडिकल कॉलेज शहडोल में भर्ती कराया गया, जहां 7 मार्च 2023 को उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम और मेडिकल रिपोर्ट में बच्ची पर हुई अमानवीय प्रताडऩा की पुष्टि के बाद पुलिस हत्या (धारा 302) एवं पोक्सो एक्ट की गंभीर धाराएँ जोड़ते हुए जांच को तेज किया।

### डराने-धमकाने और भटकाने की साजिश नाकाम

अभियोजन के अनुसार आरोपी ने घटना के बाद बच्ची की मां को जान से मारने की धमकी दी और पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी बनाने का दबाव बनाया। इतना ही नहीं, सह-आरोपी राजकुमार और पिंकी धीमर ने भी आरोपी का संरक्षण करते हुए धमकियों और भटकाव का प्रयास किया। लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संग्रहित वैज्ञानिक साक्ष्यों और विशेषकर डीएनए रिपोर्ट ने आरोपी की हर चाल का भंडाफोड़ कर दिया। हर तरह से खुद को बचाने की कोशिशें नाकाम रहीं।

### न्यायालय में मजबूत पैरवी

अभियोजन पक्ष ने अदालत में ठोस तर्क, मेडिकल रिपोर्ट, डीएनए साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान पेश किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष पोक्सो कोर्ट ने आरोपी भानू धीमर को निम्नानुसार दोषसिद्ध किया। धारा 302 (हत्या) आजीवन कारावास, धारा 5(रू)/6 पोक्सो एक्टः मृत्युदंड (फांसी), धारा 201 व 506अतिरिक्त कारावास व अर्थदंड सह-आरोपी राजकुमार और पिंकी धीमर को धारा 506(2) के तहत 4-4 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

### फैसला जो समाज के लिए सबक बनकर रहेगा

माननीय न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि मासूमों के साथ होने वाले जघन्य अपराधों के लिए कानून में नरमी की कोई जगह नहीं है। बच्ची के साथ हुई यातना और उसके परिवार पर पड़े असहनीय मानसिक कष्ट को देखते हुए अदालत ने फांसी की सजा ही उचित समझी। यह फैसला न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता और कठोरता दोनों को दर्शाता है। समाज में भी इस निर्णय को लेकर व्यापक संतोष देखा गया। लोगों ने कहा कि इस प्रकार के अपराधों पर त्वरित और कड़ी सजा ही अपराधियों के हौसले तोड़ सकती है।

### सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी

इस प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कुबेन्द्र शाह ठाकुर ने प्रभावी और विस्तृत पैरवी की। उनके साथ एडीपीओ संतोष कुमार पाटले और कोर्ट मोहर्रिर सुशील कुमार ने भी पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए गवाहों को सुरक्षित और सशक्त रूप से अदालत तक पहुंचाया। अभियोजन पक्ष की यह संयुक्त प्रयास ही इस त्वरित और ऐतिहासिक फैसले का आधार बना।

## जनता को जहर नहीं, शुद्ध पानी चाहिए: कमिश्नर

# सीवरेज की सुस्त चाल पर एमपीयूडीसी को फटकार

शहडोल।

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली और लचर निर्माण कार्यों पर कड़ा प्रहार किया है। अमरकंटक सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने स्पष्ट लहजे में कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि दूषित पानी की एक भी शिकायत मिली तो 48 घंटे के भीतर उसका समाधान होना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है।



### सीवरेज लाइन की कछुआ चाल पर बरसीं कमिश्नर

शहडोल नगर में सीवरेज लाइन निर्माण की कछुआ गति और सडक़ों की बदहाली पर कमिश्नर ने मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जनता को धूल और गड्ढों में झोंककर विकास का दावा खोखला है। कमिश्नर ने दो टूक निर्देश दिए, संसाधन बढ़ाओ या परिणाम भुगतो। उन्होंने सीवरेज कार्य के बाद सडक़ों के रेस्टोरेशन (सुधार कार्य) की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने को कहा है।

### पानी के सैंपल में खेल नहीं

संभाग के 22 नगरीय निकायों में अब तक 1895 पानी के सैंपल लिए जाने की जानकारी पर कमिश्नर ने सतर्क किया कि यह प्रक्रिया केवल कागजी खानापूर्ति न बने। सोर्स पॉइंट से लेकर अंतिम पाइपलाइन तक शुद्धता की गारंटी होनी चाहिए। सीएम हेल्पलाइन और जल सुनवाई में आने वाली पेयजल संबंधी शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर 2 दिन के अंदर निपटाया जाए।

### लापरवाह एजेंसियों पर लगेगा जुर्माना

प्रधानमंत्री आवास योजना (1.0) की समीक्षा के दौरान कमिश्नर का तेवर बेहद आक्रामक रहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जो आवास अब तक शुरू नहीं हुए हैं, उनके खिलाफ तत्काल आरआरसी जारी की जाए। मार्च तक हर हाल में आवास पूरे करने की साप्ताहिक डेडलाइन तय की गई है। वहीं अमृत 2.0 योजना में शिथिलता बरतने वाली ठेकेदार एजेंसियों पर भारी पेनल्टी लगाने के आदेश दिए गए हैं।

### कागजों से बाहर निकलें अधिकारी

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर कमिश्नर ने अधिकारियों को सुपर 75 श्रेणी की याद दिलाते हुए कहा कि शहडोल संभाग को रैंकिंग में ऊपर लाना केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। उपयोग किए हुए जल के प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेंट) और पीएम स्वनिधि योजना के तहत हर पात्र हितग्राही तक लाभ पहुँचाने के लिए उन्होंने सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा कि जनता की बुनियादी सुविधाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी अपनी कार्यशैली बदल लें। भूमि आवंटन की फाइलें कलेक्टर के माध्यम से तुरंत क्लियर कराएं, काम रुकने का कोई भी बहाना अब स्वीकार्य नहीं होगा।

बैठक में संयुक्त संचालक आरपी मिश्रा सहित संभाग के सभी सीएमओ और इंजीनियर मौजूद थे, जिन्हें कमिश्नर ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब फाइल कल्चर नहीं, फील्ड वर्क और रिजल्ट ही उनकी योग्यता का पैमाना होगा।

## गणतंत्र दिवस पर शहडोल में दिखेगी देशभक्ति की हुंकार
## कलेक्टर के सख्त निर्देश, लापरवाही पर गिरेगी गाज



**शहडोल।** गणतंत्र दिवस 2026 को केवल एक सरकारी रस्म नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव के भव्य उत्सव के रूप में मनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि तैयारियों में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विराट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर का रुख बेहद सख्त नजर आया, उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोजन में अनुशासन, गरिमा और देशभक्ति का संगम दिखना चाहिए।

**शान-ए-तिरंगाः मर्यादा से समझौता नहीं-** कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी है कि ध्वज संहिता का अक्षरशः पालन हो। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान या समय के बाद झंडा फहराए रखना गंभीर अपराध माना जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के हर कोने में तिरंगा पूरी आन-बान और शान के साथ लहराना चाहिए।

**स्टेडियम बनेगा भव्यता का केंद्र-** मुख्य समारोह महात्मा गांधी स्टेडियम में होगा, जिसे चाक-चौबंद करने की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी गई है। कलेक्टर ने नगर की स्वच्छता, पेयजल और मेडिकल टीम की तैनाती को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। शहर के चौराहों पर लगी प्रतिमाओं की सफाई और डेंटिंग-पेंटिंग का काम तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। 25 जनवरी की शाम से ही सभी शासकीय कार्यालयों को दूधिया रोशनी में नहलाने का आदेश है।

**झांकियों में दिखेगी विकास की रफ्तार-** शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास जैसे विभागों को ऐसी झांकियां तैयार करने को कहा गया है, जो केवल प्रदर्शन नहीं बल्कि जिले की प्रगति की कहानी बयां करें। स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक संस्कृति के साथ देशभक्ति का जुनून भरने का जिम्मा जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। बैठक में नपा अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति और एसडीएम काजोल सिंह सहित तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर के तेवरों से साफ है कि इस बार गणतंत्र दिवस पर शहडोल की व्यवस्थाएं ऐतिहासिक और त्रुटिहीन होंगी।

## सोहागपुर थाना क्षेत्र में जुए के अड्डों की चर्चा, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**शहडोल।** जिला मुख्यालय के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुई, अंडहाई और कंचनपुर गांव इन दिनों कथित रूप से अवैध गतिविधियों को लेकर चर्चा में हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन गांवों में कुछ घरों के भीतर 52 पत्ती नामक जुआ खेले जाने की सूचनाएं सामने आ रही हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी रकम दांव पर लगाए जाने की बात कही जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे नेटवर्क में कुछ प्रभावशाली स्थानीय चेहरों की भूमिका बताई जा रही है, जिन्हें इलाके में अलग-अलग उपनामों से जाना जाता रजनी लाल चंगा आकाश है। हालांकि, इन नामों की पुष्टि किसी आधिकारिक रिकॉर्ड से नहीं हो पाई है, लेकिन क्षेत्र में इनकी चर्चा आम है और इन्हें कथित रूप से इस गतिविधि से जोड़ा जा रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जुआ लंबे समय से संचालित होने की चर्चाएं हैं, बावजूद इसके सोहागपुर पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है। यही कारण है कि थाना स्तर पर पुलिस की सक्रियता और निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि जुआ खेलने वालों की आवाजाही दिन-रात बनी रहती है, फिर भी कार्रवाई का अभाव लोगों को खटक रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में सिंहपुर पुलिस और उमरिया जिले की घुनघुटी पुलिस द्वारा इसी तरह के एक जुआ फड़ पर कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ा गया था। इसके बाद भी सोहागपुर थाना क्षेत्र में कथित तौर पर जुए का दोबारा सक्रिय हो जाना, स्थानीय प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर संदेह पैदा करता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस अवैध कारोबार का सीधा असर युवाओं पर पड़ रहा है। कई युवा इसकी लत में फंसते जा रहे हैं, जिससे अनेक परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे नजर आ रहे हैं, ऐसा लोगों का आरोप है। स्थानीय नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

# कंबोडियाई कोच ने देखा विचारपुर का फुटबॉल जुनून







शहडोल।

कभी नशे की कालिख के लिए बदनाम रहा विचारपुर गांव आज अपनी नई पहचान मिनी-ब्राज़ील के रूप में दुनिया के नक्शे पर चमक रहा है। इस मिट्टी की धमक अब अंतरराष्ट्रीय गलियारों तक पहुंच चुकी है, जिसका प्रमाण कंबोडिया फुटबॉल टीम के कोच चार्ली पॉमरोय का यहां पहुंचना है। मिनी-ब्राज़ील की धरती पर कदम रखते ही कोच पॉमरोय यहाँ के खिलाड़ियों का अनुशासन और फुटबॉल के प्रति पागलपन देखकर दंग रह गए।

### संसाधनों का रोना छोड़ो, पसीना बहाओ

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए चार्ली पॉमरोय ने सीधे और कड़े शब्दों में कहा कि दुनिया के महानतम फुटबॉलर्स महलों से नहीं, बल्कि अभावों के बीच तंग गलियों और धूल भरे मैदानों से निकले हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को नसीहत दी कि संसाधनों की कमी का बहाना बनाना छोड़ें और उपलब्ध सुविधाओं में ही खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करें। उन्होंने खेल में स्किल और टेक्निक को और अधिक धारदार बनाने के लिए एक सख्त और संरचित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम लागू करने का सुझाव दिया।

### नशे के नरक से जर्मनी के मैदानों तक का सफर

सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने इस दौरान विचारपुर के उस खौफनाक अतीत का जिक्र किया जब यह गांव नशे के लिए जाना जाता था। उन्होंने बताया कि कैसे संकल्प की शक्ति से आज यहाँ के 5 खिलाड़ी और एक कोच जर्मनी की धरती पर विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। कोच पॉमरोय ने जर्मनी से लौटे खिलाड़ियों से संवाद किया और भारतीय प्रतिभा व विदेशी तकनीक के बीच के अंतर को बारीकी से समझाया।

### सिस्टम को बदलने की जरूरत

बैठक में कोच ने इस बात पर जोर दिया कि केवल खेलना काफी नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों को साइंटिफिक ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। इस अवसर पर रिलायंस सीबीएम के सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव, श्रेष्ठ पांडे और जिले के दिग्गज फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे। विचारपुर के इस फुटबॉल क्रांति ने यह साबित कर दिया है कि अगर प्रतिभा को सही दिशा मिले, तो शहडोल की गलियों से भी मेसी और रोनाल्डो निकल सकते हैं।

## यूनिवर्सिटी में प्राकृतिक खेती का शंखनाद

### कुलपति ने किया उत्पादन इकाई का आगाज़, रसायनों के खिलाफ छात्रों ने खोला मोर्चा

**शहडोल।** रसायनों के जहर से दम तोड़ती मिट्टी और बीमारियों के जाल में फँसते मानव स्वास्थ्य को बचाने के लिए पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय ने एक बड़ा क्रांतिकारी कदम उठाया है। विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर विभाग में प्राकृतिक कृषि उत्पादन इकाई का भव्य अनावरण कर छात्रों को पारंपरिक और जैविक खेती के अस्त्रों से लैस किया गया है।



**अब किताबी नहीं, धरातल पर होगी खेती-** कुलपति प्रो. रामशंकर ने इस इकाई का अनावरण करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि खेती अब केवल किताबों और लैब तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि रासायनिक खेती ने न केवल हमारी मिट्टी को बंजर किया है, बल्कि किसानों को कर्ज के दलदल में धकेला है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे जीवामृत और बीजामृत जैसी तकनीकों को अपनाकर खेती की लागत को शून्य पर लाएं और

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 18 को

**बरही।** नगर परिषद बरही में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 18 जनवरी रविवार को नवीन बस स्टैंड नगर परिषद के बाजू से किया जाएगा। सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के तत्वाधान में अंधत्व निवारण अंतर्गत मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र संबंधित रोगियों की जांच के लिए विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा बरही नगर में किया जाएगा। निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद बरही स्व बाला प्रसाद वर्मा (लाला जी) की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र अजय बाला प्रसाद वर्मा एवं परिवार के द्वारा प्रति वर्ष कराया जाता है, जिसमें 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से एक बजे तक रोगियों की जांच एवं जांच उपरांत चित्रकूट ले जाकर ऑपरेशन पश्चात शिविर स्थल पर वापस पहुंचाया जाएगा ।समस्त नगरवासी एवं आयोजक मंडल ने शिविर में पहुंचने एवं गरीब, असहाय रोगियों को शिविर तक पहुंचाने एवं सहयोग करने की अपील की है ।

### हेलमेट पहनने एवं नियमों का पालन करने किया जागरूक

**कटनी।** सड़क सुरक्षा माह के तहत ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, कटनी में विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र शर्मा, जिला सत्र न्यायाधीश संजय गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जय प्रताप चडार एवं फैमिली कोर्ट न्यायाधीश भास्कर यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से वाहन चलाने वाले बाइक एवं कार चालकों को न्यायाधीशों द्वारा गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग न करने वाले चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए समझाइश दी गई तथा उन्हें हेलमेट प्रदाय कर अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात राहुल पाण्डेय, सूबेदार सोनम उईके, सुरेन्द्र सिंह, दीप गौतम, मंजय यादव, राजकुमार सहित यातायात पुलिस का अमला उपस्थित रहा।

### युवक की मौत पर किया चकाजाम प्रदर्शन, परिजनों ने प्रताड़ित करने के लगाये आरोप

**कटनी।** एक युवक के द्वारा खुदकुशी किये जाने पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने चकाजाम प्रदर्शन कर विरोध जताया। परिजनों ने युवक को प्रताड़ित करने के आरोप लगाये हैं। घटना बड़वारा थाना क्षेत्र के चपहानी गांव की है। चपहनी निवासी 24 वर्षीय आनंद गाडरी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। परिजनों ने पिकअप वाहन मालिक पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जिसके कारण युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या की। मृतक के पिता रामजी पाल ने बताया कि आनंद बड़वारा स्थित राय वेयरहाउस के मालिक सुशील राय के यहां पिकअप चालक के रूप में कार्यरत था। बीती 12 जनवरी को सांधी गांव जाते समय पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे वाहन को कुछ क्षति पहुंची थी। परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद से वाहन मालिक सुशील राय आनंद पर नुकसान की भरपाई के लिए दबाव बना रहा था। पिता के अनुसार आनंद के साथ मारपीट की गई और उसे झूठे केस में फंसाने की धमकियां दी गईं। इसी प्रताड़ना और डर के कारण आनंद ने गांव के पास रेलवे ट्रैक पर अपनी जान दे दी।

आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बड़वारा नगर के मुख्य मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारी आरोपी वाहन मालिक के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

# एकतरफा मुकाबले में हुई नागपुर की जीत, कोरिया हुई प्रतियोगिता से बाहर

बुढार।

नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल नागपुर और डीसीए कोरिया के बीच खेला गया, मैच में नागपुर की टीम ने कोरिया की टीम को हर मामले में पछाड़ते हुए शानदार जीत हासिल की ।





### टॉस जीतकर नागपुर ने चुनी बल्लेबाजी

मैच का टॉस नागपुर ने जीता , पिच का मिजाज भांपते हुए नागपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया , पगले बल्लेबाजी करते हुए नागपुर की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में छह विकटों के नुकसान पर 195 रन बनाए , नागपुर की तरफ से सलामी बल्लेबाज आकिब खान ने 51 रन,हिमांशु ने 48 एवं राठी ने 37 रनों का योगदान दिया , कोरिया की ओर से गेंदबाज राज ने 2 विकेट लिए ।

### नागपुर की गेंदबाजी के सामने ढेर हुई कोरिया

184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया की टीम को नागपुर के गेंदबाजों ने जमकर परेशान किया और कोरिया के दोनों सलामी बल्लेबाजों को 15 रनों के भीतर ही पवेलियन की राह दिखा दी , शुरुआती झटकों से कोरिया की टीम पूरे मैच के दौरान नहीं उबर पाई और 16 वें ओवर में ही 100 रनों पर आल आउट हो गई , कोरिया की ओर से बल्लेबाज राज ने ही कुछ देर तक संघर्ष किया और अपनी टीम के लिए 30 रन बनाए , नागपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए कुणाल ने 3 और आर्य तथा अथर्व ने 2-2 विकेट लिए इस तरह इस मुकाबले को नागपुर की टीम ने 95 रनों ने जीत लिया नागपुर टीम की ओर से शानदार आलराउंड प्रदर्शन करने वाले कुणाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया , जिन्हें चाट दी हट्टी कैफे के प्रोपराइटर संदीप आहूजा ने पुरस्कृत किया।

### ये रहे टीमों के प्रायोजक

टूर्नामेंट में आज कोरिया टीम के प्रायोजक जिला पंचायत शहडोल के सभापति जगन्नाथ शर्मा रहे जबकि नागपुर टीम के प्रायोजक दीपक मांझी (लालू) एवं पवन चीनी रहे । मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की , जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद , अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला । पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला।

# युवा संगम रोजगार मेला शासकीय आईटीआई में आज

उमरिया

*जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन शासकीय आई टी आई उमरिया मे 16 जनवरी को प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक किया गया है। मेले में रावया फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, मोबाइल पे दिल्ली, श्री राम फायनेंस उमरिया, एस बी आई लाफ इंशोरेंस उमरिया, प्रथम एजुकेशन जबलपुर, एसआई एस अनूपपुर, एलआईसी उमरिया, टी एस पी एल ग्रुप पुणे, सागर मेनफ्रेक्चरिंग टेक्सटाइल कंपनी भोपाल, इंटीग्रेटेड पर्सनल सर्विसेज चेन्नई , निपुन एमयूआईएलटीआई सर्विसेजहिरंग ओरंगाबाद, शिव शक्ति बायोटेक जबलपुर कंपनी भाग लेगी ।*

# अपर कलेक्टर ने गोद लिए बच्चे के घर पहुँचकर जानी स्वास्थ्य की स्थिति

उमरिया।

कुपोषण दूर करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त जिला बनाने एवं जन जागरूकता लाने हेतु नवाचार किए जा रहे हैं। नवाचार अंतर्गत कुपोषित बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियो ने उन्हें गोद लिया है,और बच्चों एवं उनके माता पिता को पोषण संबंधी समझाईश दे रहे हैं।

अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने मानपुर विकास खंड के ताला में गोद लिए गए बच्चे राघव यादव के घर पहुँच कर परिजनों से उसकी तबियत के बारे में जाना।अपर कलेक्टर ने बच्चे को पौष्टिक चीजें जिसमे गुड़ की चिक्की, लाई,चना,मुनगा पाउडर,तिल की चिक्की,दलिया,सूजी,फल आदि दी, जिसका सेवन मां बच्चे दोनों को कराने की बात कही गई। साथ ही,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/एएनएम द्वारा दी जाने वाली दवाइयों का महत्व समझाते कहा कि जो मल्टी विटामिन दवाई उन्हें उपलब्ध कराई जाती है, उसे डोज अनुसार बच्चे को दवाई जरूर दे, ताकि उसके स्वास्थ्य में जल्दी सुधार हो सके।





निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दिव्या गुप्ता सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दानी बाबा स्थान में लगा मेला हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना



प्रसिद्ध स्थान दानी बाबा धाम पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला का आनंद ग्रामीण लोग लिए आसपास के क्षेत्र के व्यापारी दुकान लगाकर व्यापार किया बच्चे बूढ़े महिलाएं सुबह से शाम तक मेले में चहल-पहल बनी रही। स्वर्गीय सीताराम विश्वकर्मा की जमीन के पास हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है वही दानी बाबा धाम मैं एक विशाल वृक्ष सैकड़ो वर्ष से है उसी के नीचे दानी बाबा का धाम है ग्रामीण लोगों की मान्यता है बाबा की दया दृष्टि गांव पर बनी रहती है और सदा किसान लोगों की खेती हरी भरी बनी रहती हैं। शाम 3:00 बजे से भंडारा प्रसाद का भी आयोजन किया गया जिसमें मेले में आए हुए सभी लोग प्रसाद ग्रहण किया वहीं पास बनी हुई चबूतरे में रामायण मानस पाठ किया गया।

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत

**उमरिया।** न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक, सिविल,श्रम,मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित / प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण, नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण भी किया जावेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओं एवं जनमानस से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा आपसी सुलह समझौता के माध्यम से दिनांक 14 मार्च 2026 को निपटारा कराएं एवं नेशनल लोक अदालत का फायदा उठाएं।

### किसानों से 157995.7 मीट्रिक टन धान की गई खरीदी

**उमरिया।** सहायक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में 44 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से जिले में 25079 किसानों से 157995.7 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। पंजीकृत किसानों की संख्या 27949 है । स्लॉट बुकिंग की संख्या 26165 है । कुल धान परिवहन का प्रतिशत 79 है। जेआईटी पोर्टल के माध्यम से 254.21 करोड रूपये की राशि भुगतान की गई है ।

## 2 माह से पड रही कड़ाके की ठंड का जनजीवन पर असर

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में विशेषज्ञ डॉक्टर के पद वर्षों से रिक्त पड़े

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

लगातार 2 माह से पड रही कड़ाके की ठंड का जनजीवन पर असर दिखने लगा है। 2 माह से औसतन हार्ट अटैक, पैरालाइसिस, बीपी, सुगर, पेट जैसी बीमारियों की शिकायत सामान्य दिनों की तुलना मे बड़ी है क्योंकि इन ही बीमारियों के लिए अस्पताल में विशेषज्ञ सुविधा व संसाधन नहीं है ऐसे में मरीजों को अनूपपुर शहडोल व जबलपुर बिलासपुर के लिए रेफर होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार ओपीडी में लोग जोड़ों, ब्लड प्रेशर से लेकर फ्लू, स्वशन संबंधी शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन 150 से 200 से मरीज ओपीडी में पहुंचकर पंजीयन करा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में विशेषज्ञ डॉक्टर के पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। आंख, कान, हार्ट, शिशु रोग, स्त्री रोग, अस्थि सहित गंभीर मर्ज से ग्रसित मरीज इलाज के अभाव में अनूपपुर, शहडोल, जबलपुर, मनेंद्रगढ़, बिलासपुर, रायपुर, नागपुर सहित अन्य बड़े नगरों की तरफ जाने मजबूर हैं। बताया जाता है कि 50 बिस्तरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 बिस्तर ही उपलब्ध है। 19 माह पहले मुख्यमंत्री के द्वारा कोतमा अस्पताल को 100 बिस्तरा अस्पताल करने की घोषणा की गई थी लेकिन आज तक अस्पताल की नींव भी नहीं रखी गई। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 15 विषय विशेषज्ञ सहित डॉक्टरों की पदस्थापना होनी चाहिए लेकिन अभी तक विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना नहीं की गई जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा अंतर्गत लगभग 2 लाख की आबादी वाले विधानसभा क्षेत्र में सरकार चिकित्सीय सुविधाओं के मामले में ध्यान नहीं दे रही है। नियमित रूप से मात्र तीन डॉक्टरों से ही काम चलाया जा रहा है बाकी आसपास के उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ डॉक्टरों से काम चलाया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी नहीं है व्यवस्था

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीज बेहतर चिकित्सा के लिए जूझ रहे हैं। निगवानी, बेलिया बड़ी, कोठी, बिजुरी, पसान, राजनगर, मलगा, पोडी चोडी स्वास्थ्य केंद्रों में भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है शासन के द्वारा आलीशान भवन तो बनवा दिए गए लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं दिया गया। इनमें गिनती के एक-एक डॉक्टर या फिर कहीं तो अटैचमेंट कर काम चलाया जा रहा है उप स्वास्थ्य केंद्रों में स्थिति और भी भयावह है।



### वर्षों से की जा रही मांग

विशेषज्ञों की माने तो ठंड में सर्दी जुकाम के साथ ही हॉट, निमोनिया, माइग्रेन, ब्लड प्रेशर तथा कान व आंख संबंधित शिकायतें सामने आ सकती है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सबसे ज्यादा दिक्कत आंख कान गले व स्वास्थ्य सहित पेट की तकलीफ़ भी बढ जाती है मरीजों ने बताया कि अस्पताल में प्राथमिक इलाज करते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जाता है।

### कर रहे पत्राचार

डॉक्टरों की कमी को लेकर लगातार हम वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार कर रहे हैं।

**डॉक्टर के एल दीवान**
खंड चिकित्सा अधिकारी कोतमा


## ग्राम पंचायत धूम्मा में गंभीर आरोप

# सचिव पर पति के जरिए ठेकेदारी व अवैध वसूली का दबाव

आदिवासी महिला सरपंच हेमवती ने खोले राज, कार्रवाई न होना बना बड़ा सवाल

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

ग्राम पंचायत धूम्मा की आदिवासी महिला सरपंच श्रीमती हेमवती ने पंचायत सचिव सुषमा रानी पांडे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सरपंच का कहना है कि सचिव पंचायत के कार्यों को दबाव बनाकर अपने पति के माध्यम से ठेकेदारी में गलत तरीके से करवाना चाहती हैं, जिससे नियमों और पारदर्शिता की खुली अनदेखी हो रही है।



इस पूरे मामले को लेकर सरपंच हेमवती ने बिसाहू लाल सिंह (वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री) को लिखित शिकायत दी थी मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक बिसाहू लाल सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को बाकायदा पत्र लिखकर तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की है इसके बावजूद आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है और यही कारण है कि यह मामला अब गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इसके साथ ही यह शिकायत दिलीप जायसवाल (कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री, स्वतंत्र प्रभार) सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों तक भी पहुंचाई गई है सरपंच का दावा है कि अधिकारियों ने मौखिक रूप से जांच और सचिव को हटाने की आवश्यकता मानी, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर कोई कदम नहीं उठाया गया।

### इनका कहना है

पंचायत में जिन कार्यों की स्वीकृति पहले ही हो चुकी है और जिनमें सचिव की कोई भूमिका नहीं है, उन कार्यों के भुगतान के बदले भी सचिव सुषमा रानी पांडे द्वारा पैसों की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मांग न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि पंचायत व्यवस्था की छवि को भी नुकसान पहुंचाने वाली है। लगातार अनदेखी से ग्राम पंचायत धूम्मा के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है अब सवाल यह है कि जब जनप्रतिनिधि, सरपंच और अधिकारी सभी कार्रवाई की बात कह रहे हैं, तो फिर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई कब होगी।

**श्रीमती हेमवती, सरपंच**
ग्राम पंचायत धूम्मा

**रात भर ग्रामीणों ने की इलाके से भगाए जाने की कोशिश**

# जैतहरी में धान मंडी का निरीक्षण कर पाठबाबा में ठहरे तीन हाथी

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** तीन हाथियों का समूह बुधवार की रात धनगवां बीट के जंगल से निकल कर कई गांव में बिचरण करते हुए देर रात नगर परिषद जैतहरी के इलाके में प्रवेश कर रात भर विचरण करते हुए धान मंडी का निरीक्षण कर सुबह होते ही वापस पचौहा गांव से लगे पाठबाबा के जंगल में जाकर गुरुवार के दिन विश्राम कर रहे हैं। कई दिन बाद हाथियों का समूह जंगल से निकल कर काफी दूर तक विचरण किए जाने पर कई गांव की ग्रामीण भारी मात्रा में एकत्रित होकर हाथियों के समूह को अपने इलाके से दूर भगाए जाने का प्रयास किया। बुधवार को 23 वे दिन तीन हाथियों का समूह जैतहरी इलाके के वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील के धनगवा वन बीट के कुसुमहाई के जंगल में दिन व्यतीत कर कई दिन बाद जंगल से देर सायं निकल कर कुसुमहाई, पटौरा, टकहुली से लहरपुर होते हुए जैतहरी वेंकटनगर मुख्य मार्ग को पार करते हुए नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 लाईनपार मोहल्ला में पहुंचकर खेतों में लगी फसलों एवं सब्जियों को अपना आहार बनाते हुए देर रात धान मंडी के समीप पहुंचकर धान मंडी के इलाके का निरीक्षण किया किंतु कई गांव के ग्रामीणो के एकत्रित होने हो-हल्ला करने के कारण हाथी धान मंडी में रखी धान को अपना आहार नहीं बना सके जो पूरी रात इलाके में विचरण करते हुए सुबह होने पर एक वार फिर से मुख्यमार्ग को पार कर लहरपुर से ग्राम पंचायत पचौहा के पाठबाबा नामक जंगल में जाकर गुरुवार के दिन विश्राम कर रहे हैं। हाथियों के द्वारा ग्रामीणों के भगाए जाने पर कई बार अपनी सुरक्षा को देखते हुए दौड़ाने का प्रयास किया इस बीच वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा, परिक्षेत्र सहायक गिरारी कुंवर सिंह सोर्ठे, वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल वन विभाग के गस्ती दल के वनरक्षको, सुरक्षाश्रमिकों, हाथी मित्र दल के सदस्य, पुलिस एवं ग्रामीणों के साथ पूरी रात हाथियों के विचरण पर निगरानी करते हुए ग्रामीण जनों को सचेत एवं सतर्क रहने की बात अलाउंस एवं अन्य माध्यमों से की हाथियों का समूह छत्तीसगढ़ की सीमा से आकर 24 दिन से जैतहरी इलाके में विचरण करने से ग्रामीण जन परेशान है लेकिन हाथियों से 24 दिनों के मध्य किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई।



**खबर संक्षेप**

## मकर संक्रांति के द्वितीय दिवस भी अमरकंटक में आस्था का जनसैलाब



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मकर संक्रांति पर्व का उत्साह द्वितीय दिवस 15 जनवरी (गुरुवार) को भी श्रद्धा और भक्ति के साथ बना रहा। पतित पावनी पुण्य सलिला मातेश्वरी मां नर्मदा के पावन तटों पर तड़के सुबह से ही भक्त श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने कोटि तीर्थ घाट, गांधी कुंड, रामघाट (उत्तर एवं दक्षिण तट), पुष्कर बांध तथा आरंडी संगम तट पर पुण्य आस्था की डुबकी लगाकर पवित्र स्नान किया। स्नान के उपरांत भक्तों ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल मंदिर में दर्शन-पूजन एवं अर्चन कर अपने एवं परिजनों की सुख-समृद्धि, खुशहाली, अमन-चैन और शांति की कामना की। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गरीब एवं असहाय जनों को खिचड़ी व चावल का वितरण किया गया। साथ ही तिल से बने लड्डू एवं गुड़ आदि का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। रामघाट, कोटि तीर्थ घाट एवं आरंडी संगम पर स्नान-डुबकी का क्रम प्रातः काल से आरंभ होकर देर शाम तक निरंतर चलता रहा। मकर संक्रांति पर्व को लेकर द्वितीय दिवस भी अमरकंटक में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रांत से बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालु पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचे। वहीं उत्तर प्रदेश के झांसी एवं ललितपुर अंचल से आए श्रद्धालुओं ने पारंपरिक लमटेरा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। श्रद्धालुओं ने अपनी स्थानीय बोली-भाषा में भगवान गणेश एवं भोलेनाथ के भजन गाकर तथा नृत्य करते हुए मकर संक्रांति का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया। मकर संक्रांति के द्वितीय दिवस भी अमरकंटक में धर्म, आस्था और लोकसंस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला, जिससे तीर्थ नगरी का आध्यात्मिक वातावरण और अधिक दिव्य एवं भक्तिमय हो उठा।

## गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लक्षित सभी शालाओं में होगा विशेष भोज का आयोजन



**अनूपपुर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर लक्षित सभी शालाओं में विद्यार्थियों को पीएम पोषण अंतर्गत विशेष भोज में सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पूरी, हलुआ (खीर में विशेष रूप से स्थानीय उत्पाद कोदो, कुटकी का अनिवार्य रूप से उपयोग किए जाने) तथा इसके साथ लड्डू के वितरण के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जनजातीय कार्य विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, शिक्षा विभाग के जिला प्रमुखों तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों, सर्व शिक्षा अभियान के खण्ड स्रोत समन्वयको को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को पीएम पोषण अंतर्गत विशेष भोज के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि विशेष भोज के अवसर पर अन्त्योदय कार्डधारी वृद्धजन व माताएं भी विशेष भोज में सहभागी हों सकेंगे। विशेष भोज प्रधानाध्यापक व शाला के नोडल शिक्षक स्वच्छ व शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए निगरानी का दायित्व निभाएंगे, विशेष भोज में जन भागीदारी, जन सहयोग भी लिया जा सकेगा जन सहयोग प्रदान करने वाले नागरिकों को भी विशेष भोज में आमंत्रित किया जा

### रेंज कार्यालय का घेराव कर जमकर की नारेबाजी, थाने पहुंची शिकायत

# बिजुरी रेंजर की कार्य प्रणाली के खिलाफ टूटा ग्रामीणों और ट्रैक्टर मालिकों का धैर्य





## नियम-कानून ताक पर रखकर खाली ट्रैक्टरों को किया जा रहा जप्त, विरोध करने पर चालकों के साथ की जा रही मारपीट

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। वन परिक्षेत्र बिजुरी में पदस्थ रेंजर पवन ताम्रकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ मंगलवार को ग्रामीणों और ट्रैक्टर मालिकों का धैर्य जवाब दे गया। दर्जनों ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने बिजुरी रेंज कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि रेंजर द्वारा नियम-कानून ताक पर रखकर खाली ट्रैक्टरों को जप्त किया जा रहा है और विरोध करने पर चालकों के साथ मारपीट की जा रही है।**

### 25 हजार की मांग

मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीड़ति ट्रैक्टर मालिक रवि सिंह बघेल ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, उनका ट्रैक्टर जो कि अंचल ट्रेडर्स में मटेरियल शिफ्टिंग और पानी सप्लाई के काम में लगा है, उसे वन कर्मियों ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि कर्मचारियों ने ड्राइवर ओम कुशवाहा से गाली-गलौज करते हुए 25 हजार रुपये की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर रेंजर ने कथित तौर पर ड्राइवर की पिटाई की और उसे बंधक बना लिया।

### नियमों की आड़ में वसूली का खेल, साख पर लगा बट्टा

प्रदर्शनकारियों का गुस्सा इस बात को लेकर था कि बिना किसी वैध कारण के खाली ट्रैक्टरों को रोकना और उन्हें छोड़ने के बदले मोटी रकम की मांग करना रेंजर की आदत बन चुकी है। ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा कि अब रेंजर की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रेंजर मुर्दाबाद के नारों के बीच ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में दोषी अधिकारी पर सख्त कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र होगा।

### शांतिपूर्ण प्रदर्शन में गूंजे 'रेंजर मुर्दाबाद' के नारे

रेंजर की कथित गुंडागर्दी से नाराज होकर क्षेत्र के दर्जनों ट्रैक्टर मालिक और ग्रामीण लामबंद हो गए। रेंज कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने 'रेंजर पवन ताम्रकार मुर्दाबाद' के नारे लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर निर्दोष लोगों को प्रताड़ति कर रहे हैं।

**इन बिंदुओं पर ग्रामीणों ने घेरा प्रशासन को**

अवैध रूप से जप्ती कर बिना किसी ठोस कारण के खाली ट्रैक्टर को रेंज ऑफिस में खड़ा किया गया और मानवाधिकार उल्लंघन कर ड्राइवर को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट किया गया जब ट्रैक्टर छोड़ने की बात कही गई तो छोड़ने के बदले मोटी रकम की डिमांड की गई जो कि विभाग के ऊपर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता दिखाई दे रहा है इस तरह रेंजर पवन ताम्रकार के द्वारा किए गए कृत्य से फॉरेस्ट विभाग के निचले स्तर के कर्मचारी के साथ साथ बड़े स्तर के अधिकारियों के भी जमकर छवि धूमिल हो रही है अब देखना यह है कि इस पूरे मामले पर फॉरेस्ट विभाग के उच्च अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं या फिर इस तरह अवैध तरीके से ग्रामीणों को परेशान करने की खुली छूट दे देंगे!

**थाने पहुंची शिकायत, जांच की मांग**

पीड़ति पक्ष ने बिजुरी थाना प्रभारी को आवेदन देकर रेंजर के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। साथ ही मांग की गई है कि घायल ड्राइवर का मेडिकल कराया जाए और अवैध रूप से रोके गए वाहन को तुरंत मुक्त किया जाए। इस मामले ने अब राजनीतिक और सामाजिक मोड़ ले लिया है और वन विभाग की जमकर किरकिरी हो रही है!

### इनका कहना है

मेरे ड्राइवर को बंधक बनाकर पीटा गया और मुझसे 25 हजार मांगे गए। रेंजर साहब ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो गाड़ी राजसात कराकर मुझे बर्बाद कर देंगे।


**रवि सिंह बघेल**
**पीड़ित ट्रैक्टर मालिक**

वन विभाग का मामला है हमने वरिष्ठ अधिकारियों से मार्ग दर्शन मांगा है उनका जो भी निर्देश होगा उस हिसाब से विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

**विकाश सिंह, थाना प्रभारी, बिजुरी**

# आईजीएनटीयू अमरकंटक में असम के छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट, हत्या के प्रयास का आरोप





## पाँच छात्र निष्कासित, पुलिस जांच के आदेश

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** अनूपपुर जिले से एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) में असम के एक छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का आरोप लगा है। यह घटना विश्वविद्यालय के जीजीबीएच हॉस्टल में घटित हुई, जिसे लेकर पीड़ति छात्र ने हत्या के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पाँच छात्रों को निष्कासित कर दिया है तथा पुलिस जांच के आदेश जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एम.ए. अर्थशास्त्र प्रथम वर्ष के छात्र हिरोज ज्योति दास, निवासी असम, ने विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया कि हॉस्टल में 4 से 5 छात्रों ने उनके साथ जानलेवा हमला किया। पीड़ति छात्र का आरोप है कि हमलावरों ने पहले उनसे उनका पता और विभाग पूछा। जैसे ही उन्होंने बताया कि वे असम से हैं, उसी के बाद आरोपियों ने उनके साथ लात-घूंसे और मुक्कों से बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में छात्र को गंभीर चोटें आई हैं। सीटी स्कैन रिपोर्ट में नाक की हड्डी टूटने, आंखों में खून जमने तथा चेहरे पर गहरे जख्म होने की पुष्टि हुई है। पीड़ति छात्र ने अपने बयान में यह भी बताया कि हमले के दौरान आरोपी अनुराग पांडेय ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। छात्र द्वारा घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दी गई है जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। घटना के बाद से विश्वविद्यालय परिसर में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। विभिन्न छात्र संगठनों ने धरना-प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। छात्रों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं।

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने घटना को निंदनीय और चिंताजनक बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन और अनूपपुर पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिसरों में भेदभाव, हिंसा और अराजकता पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, घटना में शामिल पाए गए पाँच छात्रों को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासित छात्रों में अनुराग पांडेय, जतिन सिंह, रंजीत त्रिपाठी, विशाल यादव एवं उत्कर्ष सिंह शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध अनुशासन समिति के साथ-साथ स्थानीय पुलिस को भी विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

## सूर्य नमस्कार एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं अनुशासन के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ऊर्जा, प्रेरणा और युवा चेतना से परिपूर्ण वातावरण दृष्टिगोचर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल विद्यालय के विशाल प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ हुई। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भगवान भास्कर को नमन करते हुए सूर्य नमस्कार किया, जिससे संपूर्ण परिसर सकारात्मक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। इसके पश्चात विद्यालय के सभा हाल में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डी. एस. सेंगर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डी. एस. सेंगर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताते हुए अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रभक्ति को जीवन का मूल मंत्र बताया। स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के पावन अवसर पर एम. एल. कोरी द्वारा प्रेरक गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। वहीं राजीव कुमार झा एवं रमेश कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी गीत एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का श्रेष्ठ, सुसंगठित एवं प्रभावशाली संचालन विद्यालय के संगीत शिक्षक शेख वहीद द्वारा किया गया। उन्होंने भी अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित संबोधन में विद्यार्थियों को आत्मबल, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती मनोरमा कौशल का सहयोग सराहनीय और उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके ओजस्वी व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन, उत्साह, ऊर्जा और युवा चेतना से परिपूर्ण वातावरण बना रहा, जिसने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा प्रदान की।

# अनूपपुर यार्ड में बीके-61 फाटक पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण में महत्वपूर्ण उपलब्धि



## 57.40 मीटर लंबे एवं 360 टन वजनी बो-स्ट्रिंग गर्डर की सफल लांचिंग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर यार्ड में स्थित समपार संख्या बीके-61 पर निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के कार्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। परियोजना के तहत 57.40 मीटर लंबाई एवं लगभग 360 टन भार वाले आधुनिक बो-स्ट्रिंग गर्डर की उच्च क्षमता वाली विंच मशीन की सहायता से सफलतापूर्वक लांचिंग की गई। यह रोड ओवर ब्रिज बहु-रेल लाइनों के ऊपर से सड़क यातायात को सुरक्षित, सुचारु एवं निर्बाध रूप से संचालित करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। रेल परिचालन पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करने हेतु अत्याधुनिक निर्माण तकनीकों का उपयोग किया गया, जिससे गर्डर लांचिंग का यह जटिल कार्य बिना दीर्घकालिक रेल अवरोध के संपन्न किया जा सका। गर्डर लांचिंग से पूर्व रोलिंग बीम की स्थापना की गई, तत्पश्चात नियंत्रित एवं चरणबद्ध प्रक्रिया के अंतर्गत विंच मशीन की सहायता से बो-स्ट्रिंग गर्डर को अत्यंत सटीकता एवं सुरक्षित ढंग से अपने निर्धारित स्थान पर स्थापित किया गया। यह तकनीक सक्रिय रेल पटरियों के ऊपर निर्माण कार्य के दौरान संरचनात्मक स्थिरता, उच्च स्तर की सुरक्षा एवं इंजीनियरिंग दक्षता सुनिश्चित करती है। यह संपूर्ण कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश तथा मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के कुशल



मार्गदर्शन में, रेलवे के अनुभवी अभियंताओं की कड़ी निगरानी तथा सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों के पूर्ण अनुपालन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। उन्नत निर्माण तकनीकों के प्रयोग से बीके-61 रोड ओवर ब्रिज परियोजना को सुरक्षित, सुचारु एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने की रेलवे की प्रतिबद्धता और सुदृढ़ हुई है। परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्रीय सड़क यातायात को उल्लेखनीय राहत मिलेगी तथा रेल एवं सड़क यातायात दोनों की संरक्षा एवं संचालन क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार सुनिश्चित होगा।

# मकर संक्रांति पर अमरकंटक में सेवा और सद्भाव का अनुपम संगम

## मृत्युंजय आश्रम ने कराया खिचड़ी प्रसाद वितरण, गुरु नानक गुरुद्वारा ने की नाश्ता-चाय सेवा



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया। भगवान भास्कर सूर्यदेव के दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश के शुभ अवसर पर नगर के विभिन्न धार्मिक संस्थानों द्वारा पुण्य एवं सेवा कार्य किए गए। मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय मृत्युंजय आश्रम द्वारा दूर-दराज से आए भक्त श्रद्धालुओं, तीर्थ यात्रियों एवं दर्शनार्थियों को सुस्वादिष्ट खिचड़ी प्रसाद वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया गया। आश्रम के प्रमुख व्यवस्थापक योगेश दुबे एवं संत योगानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में आश्रम सेवकों ने श्रद्धालुओं को ससम्मान आमंत्रित कर प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर खिचड़ी के साथ-साथ तिल के लड्डू एवं तिल की रेवड़ी का भी वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने इस पुण्य कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आश्रम परिवार को आशीर्वाद प्रदान किया। इसी क्रम में स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा द्वारा भी सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। गुरुद्वारा के मुख्य द्वार पर आवागमन कर रहे भक्त श्रद्धालुओं, तीर्थ यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को गरमा-गरम नाश्ता एवं चाय वितरित की गई। कड़ाके की ठंड के बीच इस सेवा से श्रद्धालु अत्यंत प्रसन्न नजर आए। गुरु नानक गुरुद्वारा के प्रमुख सरदार जंग सिंह एवं ग्रंथी सरदार विनय सिंह अपने सेवादारों के साथ प्रातः 6 बजे से ही सेवा कार्य में जुटे रहे। गर्म नाश्ता और चाय की चुस्की पाकर श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा के सेवादारों को हृदय से धन्यवाद देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। मकर संक्रांति के इस पावन अवसर पर अमरकंटक में धर्म, सेवा और मानवता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने नगर की आध्यात्मिक गरिमा को और अधिक गौरवपूर्ण बना दिया।